विषय के अतिथि शिक्षक हटाए जाएंगे।

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

**विज्ञप्ति संख्या – पी.आर. 420/2023**

## सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला, जमुई के सत्र 2024–25 में कक्षा–VI में नामांकन हेतु दिनांक 12.10.2023 को आयोजित प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा के परीक्षाफल जारी किए जाने एवं मुख्य प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाईन माध्यम से प्रवेश पत्र जारी किए जाने व परीक्षा आयोजन से संबंधित आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला, जमुई के कक्षा–VI (सत्र–2024–25) में नामांकन हेतु दिनांक 12.10.2023 को आयोजित प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों, अभिभावक, सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं अन्य सभी संबंधित को सूचित किया जाता है कि सिमुलतला आवासीय विद्यालय प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा के सफल 600 बालक एवं 600 बालिका अभ्यर्थियों का कोटिवार परीक्षाफल समिति की वेबसाईट **http://secondary.biharboardonline.com** पर **दिनांक 28.11.2023 के अपराह्न से अपलोड रहेगा। प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा में चयनित अभ्यर्थी ही दिनांक 20.12.2023 को आयोजित मुख्य प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होंगे।** मुख्य प्रवेश परीक्षा का प्रवेश पत्र समिति के उक्त वेबसाईट पर **दिनांक 04.12.2023 के अपराह्न से अपलोड रहेगा**, जिसे चयनित अभ्यर्थी/उनके अभिभावक अपने यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड के माध्यम से डाउनलोड करेंगे।

2. मुख्य प्रवेश परीक्षा पटना मुख्यालय में स्थित दो परीक्षा केन्द्रों यथा; **(i) सर जी0डी0 पाटलीपुत्रा उच्च माध्यमिक विद्यालय, कदमकुआँ, पटना** (बालक के लिए) एवं **(ii) राजकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजेन्द्रनगर, पटना** (बालिका के लिए) पर आयोजित होगी। मुख्य प्रवेश परीक्षा का परीक्षा कार्यक्रम निम्नवत् है :–

| परीक्षा की तिथि | प्रथम पाली (पेपर–I) समय : 10:00 AM to 12:30 PM | | | द्वितीय पाली (पेपर–II) समय : 01:30 PM to 04:00 PM | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 20.12.2023 | गणित | गैर–वस्तुनिष्ठ | 100 अंक | हिन्दी | गैर–वस्तुनिष्ठ | 40 अंक |
| | | | | अंग्रेजी | गैर–वस्तुनिष्ठ | 40 अंक |
| | बौद्धिक क्षमता | गैर–वस्तुनिष्ठ | 50 अंक | विज्ञान | गैर–वस्तुनिष्ठ | 40 अंक |
| | | | | सामाजिक विज्ञान | गैर–वस्तुनिष्ठ | 30 अंक |
| | | कुल | 150 अंक | | कुल | 150 अंक |

3. **सिमुलतला आवासीय विद्यालय मुख्य प्रवेश परीक्षा, 2024 के परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक निदेश :–**

**(i)** परीक्षार्थी को दोनों पालियों में परीक्षा प्रारम्भ होने से दस (10) मिनट पूर्व तक परीक्षा कक्ष में प्रवेश करना अनिवार्य होगा, अन्यथा विलम्ब होने की स्थिति में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी। अर्थात् प्रथम पाली में 09:50 पूर्वाह्न बजे तक एवं द्वितीय पाली में 01:20 अपराह्न बजे तक ही परीक्षा कक्ष में प्रवेश की अनुमति होगी। **(ii)** प्रश्न पत्र हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों भाषा में होंगे। **(iii)** मुख्य प्रवेश परीक्षा दो पत्रों (पेपर–I एवं पेपर–II) की होगी। प्रत्येक पत्र 150–150 अंकों अर्थात् कुल 300 अंकों का होगा। **(iv)** प्रत्येक पत्र के लिए 24 पृष्ठों वाली एक उत्तरपुस्तिका दी जाएगी। **(v)** प्रश्नों का स्तर बिहार सरकार, शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित पाठयक्रम के आधार पर वर्ग–VI के लिए पाँचवीं स्तर का होगा। **(vi)** परीक्षा भवन में कैलकुलेटर, मोबाईल फोन एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स का प्रयोग वर्जित रहेगा।

**परीक्षा नियंत्रक (विविध)**

Scanned with CamScanner